प्रीलिम्स फैक्ट्स : 26 अक्टूबर, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-26-10-2018

स्पार्क का वेब पोर्टल

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 25 अक्तूबर को राजधानी नई दिल्ली में 'अकादमिक और अनुसंधान सहयोग संवर्द्धन योजना, स्पार्क**(Scheme for Promotion of Academic and Research Collaboration-SPARC)** का वेब पोर्टल लॉन्च किया।

- 'स्पार्क' का लक्ष्य भारतीय संस्थानों और विश्व के सर्वोत्तम संस्थानों के बीच अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग को सुगम बनाकर भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान परिदृश्य को बेहतर बनाना है।
- इस योजना के तहत 600 संयुक्त शोध प्रस्ताव दो वर्षों के लिये दिये जाएंगे, ताकि कक्षा संकाय में सर्वोत्तम माने जाने वाले भारतीय अनुसंधान समूहों और विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रख्यात अनुसंधान समूहों के बीच उन क्षेत्रों में शोध संबंधी सुदृढ़ सहयोग संभव हो सके।
- देश के लिये उभरती इसकी प्रासंगिकता और अहमियत के आधार पर 'स्पार्क' के तहत सहयोग हेतु पाँच महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों (मौलिक शोध, प्रभाव से जुड़े उभरते क्षेत्र, सामंजस्य, अमल-उन्मुख अनुसंधान और नवाचार प्रेरित) के साथ-साथ प्रत्येक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र के अंतर्गत उप-विषय से संबंधित क्षेत्रों की भी पहचान की गई है।

पृष्ठभूमि

- भारत सरकार ने अगस्त 2018 में 418 करोड़ रुपए की कुल लागत से 31 मार्च, 2020 तक कार्यान्वयन के लिये 'अकादमिक और अनुसंधान सहयोग के संवर्द्धन के लिये योजना (स्पार्क)' को मंज़ूरी दी थी।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर 'स्पार्क' के कार्यान्वयन के लिये राष्ट्रीय समन्वयकारी संस्थान है।

टैगोर सांस्कृतिक समरसता पुरस्कार

संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014, 2015 और 2016 के लिये टैगोर सांस्कृतिक समरसता पुरस्कार घोषित कर दिये गए हैं। ये पुरस्कार क्रमशः मणिपुर नृत्य के महान कलाकार श्री राजकुमार सिंहाजित सिंह, छायानट (बांग्लादेश का सांस्कृतिक संगठन) और भारत के महान मूर्तिकार श्री राम वनजी सुतार को दिये जा रहे हैं।

> यह निर्णय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में निर्णायक मंडल द्वारा लिया गया। इस निर्णायक मंडल में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रंजन गोगोई, श्री एन. गोपालास्वामी और डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे शामिल थे।

पृष्ठभूमि

- इस वार्षिक पुरस्कार की शुरुआत भारत सरकार द्वारा गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर की 150वीं जयंती के अवसर पर की गई थी।
- पहला टैगोर पुरस्कार 2012 में भारत के महान सितारवादक पंडित रविशंकर को और दूसरा पुरस्कार 2013 में श्री जुबीन मेहता को प्रदान किया गया।
- पुरस्कार में एक करोड़ रुपए की धनराशि, प्रशस्तिपत्र, पट्टिका और पारंपरिक दस्तकारी/हथकरघा से बना उत्कृष्ट उपहार प्रदान किया जाता है।
- यह पुरस्कार राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, जाति, आस्था या लिंग से इतर व्यक्ति को दिया जाता है।

लोक प्रशासन और प्रबंधन पुरस्कार, 2018

कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG), सीएपीएएम (Commonwealth Association for Public Administration and Management - CAPAM) का एक संस्थागत सदस्य है। CAPAM, एक गैर-लाभकारी संगठन है जो 1100 से अधिक वरिष्ठ सरकारी कर्मचारियों, सरकार के प्रमुखों, राष्ट्रमंडल के 50 से अधिक देशों के अग्रणी शिक्षाविदों और शोधकर्त्ताओं के एक अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का प्रतिनिधित्व करता है।

- CAPAM को ऐसे अंतर्राष्ट्रीय लीडर्स द्वारा निर्देशित किया जाता है जो राष्ट्रमंडल देशों के नागरिकों के भले के लिये नेटवर्किंग, ज्ञान विनिमय और सुशासन के प्रचार और उसकी महत्ता में विश्वास रखते हैं।
- वर्ष 1998 से प्रत्येक दो वर्ष पर CAPAM अपने अंतर्राष्ट्रीय नवाचार पुरस्कार (International Innovations Awards - IIA) कार्यक्रम की घोषणा करता आ रहा है।

प्रमुख बिंदु

- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के सचिव के.वी. ईपेन को 23 अक्तूबर, 2018 को जॉर्जटाउन (गुयाना) में आयोजित वार्षिक बैठक में CAPAM के राष्ट्रमंडल संघ के बोर्ड के लिये चुना गया। इस बैठक के दौरान ही CAPAM इनोवेशन अवॉर्ड्स की घोषणा की गई।
- बिहार के बांका ज़िले की ‘उन्नयन बांका-प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से शिक्षा का पुनर्वितरण’ नामक पहल को ‘इनोवेशन इनक्यूबेशन’ श्रेणी के तहत सम्मानित किया गया है।
- ‘उन्नयन बांका’ एक ऐसी पहल है जिसमें नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके समाज के सबसे निचले हिस्से (विशेष रूप से) के लिये ‘गुणवत्तापूर्ण शिक्षा’ की परिकल्पना की गई है। यह शिक्षा से रोज़गार के लिये युवाओं के संपूर्ण विकास का एक समग्र मॉडल है।
- कर्नाटक सरकार के सहयोगी विभाग की "एकीकृत कृषि बाज़ार" नामक एक अन्य पहल को भी 'लोक सेवा प्रबंधन में अभिनव' (nnovation in Public Service Management) श्रेणी के तहत चुना गया है। इस पहल को स्वर्ण पुरस्कार प्रदान किया गया है।

आर्थिक एकीकरण रिपोर्ट

- हाल ही में एशियाई विकास बैंक (ADB) ने एशियाई आर्थिक एकीकरण रिपोर्ट (AEIR) 2018 जारी की है। गौरतलब है कि 2015 के बाद यह रिपोर्ट हर साल जारी की जाती है।
- एशियाई आर्थिक एकीकरण रिपोर्ट, एशियाई सरकारों द्वारा अर्थव्यवस्थाओं को एकीकृत करने और विभिन्न स्तरों पर सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की समीक्षा करती है।

- 2017 में एशियाई विकास बैंक ने AEIR के एक हिस्से के रूप में एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण सूचकांक (ARCII) को पहली बार जारी किया था।
- ARCII एशिया और प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग तथा एकीकरण के स्तर का आकलन करता है।
- AEIR 2018 के मुताबिक, 2017 में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों का सबसे बड़ा स्रोत एशिया रहा। 2017 में सबसे ज़्यादा अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी भारत से (17 मिलियन) थे। वहीं, चीन से 10 मिलियन तथा बांग्लादेश से 7.5 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी थे।